**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना – आयुष्मान भारत के सात वर्ष पूरे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – आयुष्मान भारत के कारण देश के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में क्रांति आ रही है।
- राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तराखंड महक क्रांति नीति सहित छह प्रस्तावों को मंजूरी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में ''जीएसटी बचत उत्सव'' के तहत विभिन्न दुकानों का भ्रमण किया। प्रदेश में यह अभियान 29 सितम्बर तक चलाया जायेगा।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने देहरादून के राजीव गांधी नवोदय विद्यालय से ''शिक्षा की बात'' कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना – आयुष्मान भारत के आज सात वर्ष पूरे हो गए है। सितंबर 2018 में रांची से शुरू की गई यह विश्व की सबसे बड़ी सरकारी सहायता प्राप्त स्वास्थ्य बीमा योजना है। इस योजना से देश की स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी बदलाव आया है। इससे 55 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्वस्थ भारत, विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की कुंजी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आयुष्मान भारत के कारण देश के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में क्रांति आ रही है। इस योजना के सात साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इसने वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने दिखाया है कि कैसे क्षमता, करुणा और तकनीक मानव सशक्तिकरण को आगे बढ़ा सकते हैं।

## राज्य मंत्रिमंडल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तराखंड महक क्रांति नीति सहित छह प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री के अपर सचिव और सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने पत्रकारों को बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड महक क्रांति नीति के तहत किसानों को एक हैक्टेयर तक खेती पर 80 प्रतिशत और उससे ऊपर लागत का 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। श्री तिवारी ने बताया कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् उत्तराखण्ड द्वारा पी.एम.ई विद्या कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए मंत्रिमंडल ने आठ नए पदों को स्वीकृति दी है। बैठक में उत्तराखंड कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग, आवास और समाज कल्याण विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज भगवान धनवंतरि के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड ने आयुष चिकित्सा एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। सरकार के सतत प्रयासों और पहल के परिणामस्वरूप लाखों की संख्या में नागरिक आयुर्वेद से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आयुर्वेद और योग पद्धति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसके तहत राज्य में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सुदृढ़ किया जा रहा है।

## जीएसटी बचत उत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में ''जीएसटी बचत उत्सव'' के तहत विभिन्न दुकानों का भ्रमण किया और व्यवसायियों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि नई दरों की वजह से प्रदेश के लाखों परिवारों और छोटे व्यापारियों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी जागरूकता के लिए प्रदेश में यह अभियान 29 सितम्बर तक चलाया जायेगा, जिसमें मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों की सहभागिता रहेगी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग नए जीएसटी स्लैब के फायदे समझें और इसका लाभ उठा सकें, इसके लिए जगह–जगह पर जानकारी साझा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने जीएसटी की नई दरों के लागू होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय देशवासियों के हित के लिए ऐतिहासिक व क्रांतिकारी सिद्ध होगा।

## शिक्षा की बात

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज देहरादून के राजीव गांधी नवोदय विद्यालय से ''शिक्षा की बात'' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने दूरस्थ क्षेत्र के बच्चों से सीधे संवाद किया। इस दौरान चमोली, टिहरी, पिथौरागढ़ आदि से छात्र–छात्राओं ने राज्यपाल से करियर को लेकर सवाल पूछे। राज्यपाल ने अपने अनुभवों के आधार पर बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत किया और उन्हें सफलता के मंत्र बताए। उन्होंने कहा कि ''शिक्षा की बात'', शिक्षा विभाग की दूरदर्शी और सराहनीय पहल है, जो बच्चों के भविष्य को नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में तकनीक का सही उपयोग करना बहुत जरूरी है और शिक्षा के क्षेत्र में यह बच्चों को समान अवसर देने का एक प्रभावी माध्यम है।

''शिक्षा की बात' कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के विविध भौगोलिक और सामाजिक परिवेश में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रेरणादायी व्यक्तित्वों से सीधे संवाद का अवसर देना है। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा, जिसमें शिक्षाविद्, साहित्यकार, समाजसेवी, वैज्ञानिक, व्यवसायी, सैन्य अधिकारी आदि विशिष्टजन छात्रों से वार्ता करेंगे। इसका सजीव प्रसारण राजीव गांधी नवोदय विद्यालय स्थित केंद्रीय वर्चुअल स्टूडियो से किया जाएगा, जिसमें 13 सौ से अधिक विद्यालय सीधे जुड़ेंगे।

## स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार

प्रदेश के विभिन्न जिलों में ''स्वस्थ नारी– सशक्त परिवार'' अभियान के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। दो अक्टूबर तक चलने वाले इन शिविरों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। इस कड़ी में बागेश्वर जिले के आरोग्य केंद्र, कंधार में आयोजित शिविर में डेढ़ सौ से अधिक लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। मरीजों को मुफ्त दवाइयाँ भी वितरित की गईं। आरोग्य केंद्र, बैजनाथ की प्रभारी डॉ. हेमलता गोस्वामी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और विशेषकर महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

## बीएसएनएल

भारत संचार निगम लिमिटेड– बी.एस.एन.एल ने आजादी का प्लान योजना के तहत गत पहली अगस्त से 15 सितम्बर तक कुमाऊं मण्डल में 17 हजार से अधिक सिमों की बिक्री की है। बी.एस.एन.एल के उप महाप्रबंधक श्रीराम गौड़ ने आकाशवाणी को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निगम ने इस योजना के तहत नैनीताल बिजनेस एरिया के अंतर्गत टेलीफोन एक्सचेंजों में स्थापित ग्राहक सेवा केन्द्रों के जरिए एक रूपये कीमत वाले कुल 17 हजार 346 सिमों की बिक्री की है।